## महानिदेशालय सीमा सुरक्षा बल:
## सीसुब संचार सेटअप में मुख्य आरक्षक (रेडियो ऑपरेटर/रेडियो मैकेनिक) के पद हेतु सीधी/विभागीय भर्ती – 2023-2024

### सूचना/शुद्धिपत्र-2

सीसुब संचार सेटअप 2023-24 में मुख्य आरक्षक (रेडियो ऑपरेटर/रेडियो मैकेनिक) के पद हेतु आवेदन करने वाले उम्मीदवार, परीक्षा के दूसरे चरण में उपस्थित होने के लिए बुलाए जाने वाले योग्य उम्मीदवारों की संख्या के संबंध में दिनांक 22 अप्रैल 2023 के एम्पलायमेंट न्यूज/ रोजगार समाचार-संस्करण में सीसुब द्वारा प्रकाशित भर्ती सूचना के पैरा 3 एवं दिनांक 12 मई 2023 के शुद्धिपत्र-1 के पैरा-3 एवं भर्ती सूचना के पृष्ठ संख्या-06 पर पैरा 9 (ए) का संदर्भ ले सकते हैं। इस संबंध में सूचित किया जाता है कि:-

1. ओएमआर आधारित लिखित परीक्षा के स्थान पर कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) आयोजित किया जाएगा। रिक्ति वर्ष 2023 एवं 2024 के लिए सीसुब संचार सेट-अप में भर्ती के लिए प्रत्येक पद अर्थात मुख्य आरक्षक (रेडियो ऑपरेटर/रेडियो मैकेनिक) के लिए कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) तीन शिफ्टों में अलग से आयोजित किया जाएगा। [अर्थात मुख्य आरक्षक (रेडियो ऑपरेटर) के पद के लिए शिफ्ट-1 एवं शिफ्ट-2 और मुख्य आरक्षक (रेडियो मैकेनिक) के पद के लिए शिफ्ट-3।

2. दिनांक **29 अगस्त 2023 को** कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) आयोजित किया जाएगा। परीक्षा कार्यक्रम इस प्रकार है:-

| तिथि | शिफ्ट | परीक्षा का समय | केंद्र पर रिपोर्टिंग का समय | गेट बंद होने का समय | विषय का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 29.08.2023 | शिफ्ट-1 | प्रातः 08.30 से 10.30 बजे | प्रात: 07.00 बजे | प्रात: 08:00 बजे | मुख्य आरक्षक (रेडियो ऑपरेटर) |
| | शिफ्ट-2 | अपराह्न 12:30 से 02:30 बजे | प्रात: 11.00 बजे | अपराह्न 12:00 बजे | |
| | शिफ्ट-3 | अपराह्न 04:30 से 06:30 बजे | अपराह्न 03:00 बजे | अपराह्न 04:00 बजे | मुख्य आरक्षक (रेडियो मैकेनिक) |

3. ई-प्रवेश पत्र दिनांक 21 अगस्त 2023 से प्रदर्शित (लाइव) होने लगेंगे। रोल नंबर का आवंटन और ई-प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के बारे में अधिसूचना संबंधित उम्मीदवारों के पंजीकृत मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी पर भेजी जाएगी। इसके पश्चात, उम्मीदवार सीसुब भर्ती पोर्टल यूआरएल https://rectt/bsf/gov/in. के माध्यम से अपना ई-प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। ई-प्रवेश पत्र डाउनलोड करने का लिंक सभी पात्र उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन में उल्लेखित उनके संबंधित पंजीकृत ई-मेल आईडी पर भी भेजा जाएगा। कोई भी प्रवेश पत्र डाक द्वारा नहीं भेजा जाएगा।

सूचना एवं संचार प्रौ. निदेशालय बल मु. सी.सु.बल
Information & Comn Tech Dte, FHQ BSF
MHA, New Delhi
गृह मंत्रालय, नई दिल्ली

4. उम्मीदवारों को भर्ती प्रक्रिया के संचालन के बारे में जानकारी के लिए ई-प्रवेश पत्र में उल्लेखित **"ऑनलाइन परीक्षा निर्देश"** पढ़ने की सलाह दी जाती है ।

5. सभी उम्मीदवारों को सीसुब रोल नंबर के अलावा एक यूनिक सीबीटी रोल नंबर आवंटित किया जाएगा और इसका उल्लेख उम्मीदवारों के ई-प्रवेश पत्र में किया जाएगा।

   (क) सीबीटी रोल नंबर विशेष रूप से कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी)/परीक्षा के दिन सिस्टम में लॉग-इन करने के उद्देश्य से आवंटित किया जाएगा।

   (ख) सीसुब रोल नंबर का उपयोग दूसरे और तीसरे चरण की परीक्षा के संचालन के दौरान किया जाएगा ।

6. कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए, उम्मीदवारों को सीसुब की वेबसाइट https://bsf.gov.in पर उपलब्ध डेमो (मॉक टेस्ट) का अध्ययन करने की सलाह दी जाती है। यह आवश्यक नहीं है कि डेमो (मॉक टेस्ट) में दिए गए प्रश्न निर्धारित पाठ्यक्रम से ही हों। यह स्पष्ट किया जाता है कि डेमो/मॉक ऑनलाइन परीक्षा पूरी तरह से केवल अभ्यास के उद्देश्य से हैं।

7. कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) के संचालन के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरते समय उम्मीदवारों द्वारा चुने गए परीक्षा केंद्र /स्थान प्रशासनिक कारणों से बदल सकते हैं। हालाँकि, यदि उम्मीदवार कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) उत्तीर्ण कर लेते हैं, तो शेष भर्ती प्रक्रिया ऑनलाइन आवेदन भरते समय चुने गए केंद्रों पर आयोजित करने का प्रयास किया जाएगा। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम समय में असुविधा से बचने के लिए ई-प्रवेश पत्र में मुद्रित कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) के संचालन के लिए अपने परीक्षा केंद्र की सावधानीपूर्वक जांच कर लें।

8. परीक्षा के लिए रिपोर्टिंग का समय संबंधित सत्र की परीक्षा शुरू होने से 90 मिनट (डेढ़ घंटे) पहले होगा। उम्मीदवारों को ई-प्रवेश पत्र में उल्लेखित रिपोर्टिंग समय पर अपने आवंटित परीक्षा केंद्रों पर पहुंचना आवश्यक है ताकि प्रवेश औपचारिकताएं और अनिवार्य शारीरिक तलाशी सुचारू रूप से की जा सके।

9. परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार ई-प्रवेश पत्र में उल्लेखित, गेट बंद होने के समय के अनुसार बंद कर दिया जाएगा। विलम्ब से रिपोर्ट करने वाले उम्मीदवारों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। कृपया ई-प्रवेश पत्र में दर्शाए गए रिपोर्टिंग समय के अनुसार परीक्षा केंद्र पर पहुंचें।

10. कृपया ध्यान दें कि किसी भी परिस्थिति में किसी भी उम्मीदवार को ई-प्रवेश पत्र के प्रिंटआउट और मूल पहचान प्रमाण पत्र (जैसा कि प्रवेश पत्र में उल्लेखित है) के बिना परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। कंप्यूटर आधारित टेस्ट ( सीबीटी) के समाप्त होने के बाद ई-प्रवेश पत्र जमा कर लिया जाएगा। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे भविष्य के संदर्भ के लिए ई-प्रवेश पत्र की अतिरिक्त प्रति अपने पास रखें।

Information & Comn Tech Dte, FHQ BSF
MHA, New Delhi
गृह मंत्रालय, नई दिल्ली

11. एक बार पंजीकरण प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद, उम्मीदवार को कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) पूरा होने तक परीक्षा केन्द्र हॉल/कक्ष नहीं छोड़ना होगा। कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) के समापन के लिए निर्धारित समय से पहले किसी भी उम्मीदवार को सिस्टम / परीक्षा केन्द्र छोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि कोई उम्मीदवार ऑनलाइन सीबीटी पूरा होने से पहले पर्यवेक्षक/परीक्षा प्राधिकारी की उचित अनुमति के बिना आवंटित सिस्टम छोड़ कर जाता है, तो उसे ऑनलाइन सीबीटी जारी रखने की अनुमति नहीं दी जाएगी और उसकी उम्मीदवारी रद्द समझी जाएगी।

12. कोई उम्मीदवार किसी भी रूप में परीक्षा सामग्री या उसमें मौजूद किसी भी जानकारी को संपूर्ण या आंशिक रूप से प्रकट कर रहा है, प्रकाशित कर रहा है, पुनरूत्पादित कर रहा है, ट्रांसस्टोर कर रहा है या ट्रांसमिशन और स्टोरेज की सुविधा दे रहा है या किसी भी माध्यम से, अर्थात मौखिक या लिखित, इलेक्ट्रॉनिक या मैकेनिकल या परीक्षा केंद्र में दिए गए कागजातों को ले जाने या परीक्षा सामग्री अनाधिकृत रूप से कब्जे में पाए जाने को गंभीर अपराध माना जाएगा और उसे चयन प्रक्रिया से वंचित/अयोग्य कर दिया जाएगा। नियमों के अनुसार आवश्यक अनुशासनात्मक और कानूनी कार्रवाई की जाएगी और ऐसे मामलों की सूचना (आवश्यकतानुसार) पुलिस को दी जाएगी ।

13. रफ कार्य करने के लिए उम्मीदवारों को परीक्षा कक्ष/हॉल में पेपर उपलब्ध कराया जाएगा। उम्मीदवारों  को रफ पेपर पर अपना रोल नंबर अंकित करना होगा और उसे कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) के समाप्ति की पश्चात ई-प्रवेश पत्र के साथ जमा करना होगा।

14. कंप्यूटर आधारित टेस्ट समाप्त होने के पश्चात उम्मीदवारों के लिए आपत्ति प्रबंधन लिंक खोल दिया जाएगा। उम्मीदवार कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) के संचालन के 3-4 दिन के बाद अपने पंजीकृत पहचान के साथ ऑनलाइन पोर्टल पर लॉग इन करके कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) के संचालन के दौरान उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए अपने व्यक्तिगत उत्तर/ऑनलाइन प्रतिक्रिया (स्वयं के उत्तर और उत्तर कुंजी) को देख सकते हैं। किसी भी प्रश्न (प्रश्नों) और उसके उत्तर के संबंध में, प्रश्न/आपत्ति के मामले में, इसे आपत्ति प्रबंधन पोर्टल पर 03 दिनों के अंदर दस्तावेजी साक्ष्य के साथ केवल ऑनलाइन रेस्पांस लिंक के माध्यम से प्रस्तुत किया जाना होगा। प्राप्त आपत्तियों को अंतिम रूप देने के लिए विषय विशेषज्ञों द्वारा पुनः परीक्षण किया जाएगा। संचार/चैनल के किसी अन्य माध्यम से प्राप्त प्रश्नों या कुंजियों से संबंधित प्रतिक्रिया/आपत्ति/प्रश्न पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा। निर्धारित अवधि के भीतर आपत्ति (आपत्तियां) प्राप्त न होने पर, ऐसे उम्मीदवारों को चयन प्रक्रिया के बाद के चरण में पुनर्मूल्यांकन के लिए भविष्य में किसी भी कोर्ट में कानूनी दावा करने का कोई अधिकार नहीं होगा। ऑनलाइन रेस्पांस लिंक खोलने की निश्चित तिथि और समय https://bsf.gov.in पर अधिसूचित/अपलोड किया जाएगा ।

15. कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) में अर्हता प्राप्त करने और अगले चरण में उपस्थित होने के लिए उम्मीदवारों की संख्या पहले विज्ञापित भर्ती पद के लिए रिक्तियों की संख्या के बीस (20) गुना के बजाय दस (10) गुना तक सीमित होगी। परीक्षा के दूसरे चरण में उपस्थित होने के लिए मुख्य आरक्षक (रेडियो ऑपरेटर) एवं मुख्य आरक्षक (रेडियो मैकेनिक) के लिए अलग-अलग मेरिट सूची तैयार की जाएगी ।

सूचना एवं संचार प्रौ. निदेशालय बल मु. Information & Comn Tech Dte, FHQ BSF MHA, New Delhi गृह मंत्रालय, नई दिल्ली

16. उम्मीदवारों का चयन पूर्णतः मेरिट के आधार पर किया जायेगा। मेरिट में उच्च स्थान प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों का चयन 2023 की रिक्तियों पर चयनित किया जाएगा और उनकी वरिष्ठता अलग से रखी जाएगी। मेरिट में निचला स्थान प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को 2024 की रिक्तियों पर चयनित किया जाएगा और 2023 की रिक्तियों पर चयनित होने वाले उम्मीदवारों के बाद उनकी वरिष्ठता अलग से रखी जाएगी।

17. यदि किसी पद के लिए बड़ी संख्या में आवेदक होते है तो उस पद हेतु ऑनलाइन परीक्षा /सीबीटी कई शिफ्टों में आयोजित की जाती है, तब उम्मीदवारों के अंकों का संतुलन (मॉडरेशन) बनाए रखने और उस पद हेतु मेरिट सूची तैयार करने के लिए सामान्यीकरण प्रकिया लागू की जाएगी।

18. उम्मीदवार को ध्यान देना चाहिए कि कंप्यूटर आधारित परीक्षा के लिए उसकी उम्मीदवारी "पूर्ण रूपेण से अस्थाई" है। यदि भर्ती/चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है और उम्मीदवार द्वारा प्रदान की गई जानकारी गलत पाई जाती है या शुल्क, आयु, जाति श्रेणी, शैक्षिक योग्यता सहित आदि विज्ञापन में उल्लेखित पात्रता मानदंडों के अनुरूप नहीं है तो आवेदक/अभ्यर्थी की उम्मीदवारी, भर्ती/चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में और नियुक्ति के बाद भी खारिज कर दी जाएगी।

19. उपरोक्त भर्ती के संबंध में कोई भी संशोधन /नवीनतम अपडेट समय-समय पर केवल सीसुब वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा। इसलिए उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे नियमित रूप से सीसुब की वेबसाइट देखते रहें।

20. भर्ती सूचना की अन्य जानकारी अपरिवर्तनीय हैं।

17/8/23

(संजय कुमार सिंह)
उप महानिरीक्षक (संचार-स्थापना)
बल मुख्यालय सीसुब , नई दिल्ली

सूचना एवं संचार प्रौ० निदेशालय बल मु० सी०सु०बल
Information & Comn Tech Dte, FHQ BSF
MHA, New Delhi
गृह मंत्रालय, नई दिल्ली

**DIRECTORATE GENERAL BORDER SECURITY FORCE: DIRECT/DEPARTMENTAL RECRUITMENT FOR THE POST OF HEAD CONSTABLE (RADIO OPERATOR / RADIO MECHANIC) IN BSF COMMUNICATION SETUP - 2023 & 2024**

## NOTICE/CORRIGENDUM-2

The candidates who have applied for the post of HC (RO) and HC (RM) in BSF Comn Set-up-2023-24 may refer to the Para 3 of the Recruitment Notice published by BSF as notified in the Employment News/Rozgar Samachar-Edition dated 22nd Apr 2023, Para-3 of the Corrigendum-1 dated 12th May 2023 and may also refer Para 9 (A) at Page No.06 of the Recruitment Notice regarding number of qualified candidates to be called for appearing in 2nd phase of examination. In this regard, it is informed that:-

1. Computer Based Test (CBT) will be conducted in place of OMR Based Written Test. Computer Based Test (CBT) will be conducted separately for each post i.e. HC(RO) & HC(RM) for recruitment in BSF Comn Set-up for the vacancy year 2023 and 2024 in **three shifts [i.e. Shift-1 and Shift-2 for the post of HC(RO) and Shift-3 to the post of HC(RM)].**

2. Computer Based Test (CBT) will be conducted on **29th Aug 2023**. The exam schedule is as follows:-

| Date | Shift | Exam time | Reporting Time at Centre | Gate Closure Time | Subject Name |
|---|---|---|---|---|---|
| 29.08.2023 | Shift-1 | 08.30 AM to 10.30 AM | 7:00 AM | 8:00 AM | Head Constable (Radio Operator) |
| | Shift-2 | 12:30 PM to 2:30 PM | 11:00 AM | 12:00 PM | |
| | Shift-3 | 04:30 PM to 6:30 PM | 3:00 PM | 4:00 PM | Head Constable (Radio Mechanic) |

3. E-Admit Card will go live w.e.f. **21st Aug 2023** onwards. Notification regarding allotment of Roll Number and about downloading of E-Admit Card will be sent to registered mobile number and E-mail ID of the respective candidates. Further, the candidates may download their E-Admit Card through BSF Rectt Portal URL https://rectt/bsf/gov/in. The link for downloading the E-Admit Card will also be sent to all eligible candidates on their respective registered e-mail ID mentioned in the online application. No Admit Card will be sent by post.

Information & Comn Tech Dte, FHQ BSF
MHA, New Delhi

4. Candidates are advised to go through the **"Online Examination Instructions"** mentioned in E- Admit Card for their information about conduct of the Recruitment Process.

5. All candidates will be allotted one unique CBT Roll Number in addition to BSF Roll Number and the same will be mentioned in the E-Admit Card of the candidates.

   (a) CBT Roll Number will be exclusively allotted for the purpose of logging into the system on the day of the conduct of Computer Based Test (CBT)/Examination.

   (b) BSF Roll Numbers will be used during conduct of 2$^{nd}$ & 3$^{rd}$ phase examination.

6. In order to familiarize with the Computer Based Test (CBT), the candidates are advised to go through the demo (mock test) available on the BSF website https://bsf.gov.in. It is not essential that the questions given in the demo (mock test) are from the prescribed syllabus. It is clarified that demo/mock online tests are purely for practice purpose only.

7. Due to administrative reasons, examination centres/venue opted by the candidates while filling online form may likely change for conduct of Computer Based Test (CBT). However, efforts will be made for conduct of rest of recruitment process at the centres opted by the candidate while filling of online application if they qualify Computer Based Test (CBT). Candidates are advised to check their examination centre for conduct of Computer Based Test (CBT) printed in E-Admit Card very carefully to avoid last minute inconvenience.

8. The reporting time for examination will be 90 Minutes (1 & ½ hrs) before commencement of the examination of respective session. Candidates are required to reach their allotted examination centres on reporting time as mentioned in the E-Admit Card so that entry formalities and compulsory physical frisking can be done smoothly.

9. The main gate of the examination centre will be closed as per the gate closing time mentioned in the E-Admit Card. Candidates reporting late will not be allowed to enter in the examination centre. Kindly reach the examination centre as per the reporting time indicated in the E-Admit Cards.

10. Kindly note that no candidate shall be permitted in the examination centre without having printout of E-Admit Card and Original ID proof (as mentioned in the Admit card) under any circumstances. E- Admit Card will be deposited after conduct of Computer Based Test(CBT). Candidates are advised to keep extra copy of E- Admit Card for future reference.

सूचना एवं संचार प्रौ. निदेशालय बल मु. सी.सु.बल
Information & Comn Tech Dte, FHQ BSF
MHA, New Delhi
गृह मंत्रालय, नई दिल्ली

11. Once the registration process is completed, the Candidate should not leave the Test Centre Hall/Room till completion of the Computer Based Test (CBT). No candidate shall be allowed to leave the System/ Test Centre before the scheduled time for conclusion of Computer Based Test (CBT). If any candidate leaves the allotted system without proper permission of Invigilator / Examination Authority before completion of the Online CBT, He/ She will not be allowed to continue the Online CBT and his/ her candidature is liable to be cancelled.

12. Anyone found to be disclosing, publishing, reproducing, transmitting, storing or facilitating transmission and storage of test contents in any form or any information therein in whole or part thereof or by any means, i.e., verbal or written, electronic or mechanical or taking away the papers supplied in the test centre or found to be in unauthorised possession of test content will be considered as serious misconduct and he/ she will be debarred/disqualified from selection process. Necessary disciplinary and legal action as per rules will be taken and such cases will be reported to police (as required).

13. Paper for rough work will be provided to the candidates in the examination room/hall. Candidate has to mention his/her Roll No. on the rough paper and the same will be deposited alongwith E- Admit Card after conduct of Computer Based Test(CBT).

14. Objection management link will be opened for candidates after conducting of Computer Based Test. Candidates can view their individual answers/ online response submitted by them during conduct of Computer Based Test (CBT) (own answers and answer key) after 3-4 days of conduct of Computer Based Test (CBT) by logging into online portal with their registered credentials. In case of query/ objection in respect of any question(s) and its answer, it is to be submitted only through Online Response Link in portal with documentary evidence within 03 days of the period of the Objection Management Portal. The objections received will be re-examined by subject expert(s) for its finalization. Response/Objection/ Query related to question(s) or keys received through any other mode of communication/channel will not be entertained under any circumstances. On non-receipt of objection(s) within stipulated period, such candidates will not have any right for any future legal claim, in any court of law, for re-evaluation at later stage of selection process. The exact date and time of opening of Online Response Link shall be notified/uploaded on https://bsf.gov.in.

15. Number of candidates to qualify in Computer Bases Test (CBT) and further to appear the next phase shall be restricted to **Ten (10) times** instead of Twenty (20) times of the number of vacancies for recruitment post as advertised earlier. Separate Merit List will be prepared for HC(RO) and HC(RM) for appearing in 2nd Phase of Examination.

16. Candidates will be selected purely on the basis of merit. Candidates higher in merit will be selected against the vacancies of 2023 and their seniority will be maintained separately. Those lower in merit will be selected against the vacancies of 2024 and their seniority will be maintained separately after those who will be selected against the vacancies of 2023.

17. If online examination/CBT for a particular post is conducted in multiple shifts owing to large number of applicants for that post, normalization shall be applied for moderation of scores of candidates and for preparation of merit list for that post.

18. The candidate should note that his/her candidature for the computer based test is "PURELY PROVISIONAL". In case, it is found at any stage of recruitment/selection process that the candidate does not fulfill the eligibility criteria and information provided by the candidate is found to be false or is not in conformity with the eligibility criteria mentioned in advertisement including Fee, Age, Caste Category, Educational Qualification, etc. the candidature of the applicant/candidate will be rejected at any stage of recruitment/selection process and even after appointment.

19. Any amendment/latest updates regarding above recruitment will be published on BSF Website only from time to time. Candidates are therefore advised to regularly visit BSF Website.

20. Other contents of the Recruitment Notice shall remain unchanged.

17/8/23

(Sanjay Kumar Singh)
DIG (C-Estt)
FHQ BSF, New Delhi

सूचना एवं संचार प्रौ. निदेशालय बल मु. सी.सु.ब
Information & Comn Tech Dte, FHQ BSF
MHA, New Delhi
गृह मंत्रालय, नई दिल्ली